

दो साल से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं कोहली

कोहली पिछले दो साल से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। उन्होंने आखिरी बार टेस्ट में शतक नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ लगाया था। इसके बाद से वह तिहाई अंकों तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने 2021 में कुल 9 टेस्ट खेले हैं। इस दौरान कोहली ने 15 पारियों में 29.80 की औसत से 44.61 स्ट्राइक रेट से 447 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 72 रहा है।

## फॉर्म में वापसी के लिए संजय बांगड़ की मदद ले रहे विराट कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय टीम के टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान विराट कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ टी–20 इंटरनेशनल सीरीज और टेस्ट सीरीज से बाहर जरूर हैं, लेकिन प्रैक्टिस नहीं छोड़ी है। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में वापसी करेंगे। इससे ठीक पहले वह टीम इंडिया के पूर्व बैटिंग कोच और पूर्व क्रिकेटर संजय बांगड़ के साथ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में प्रैक्टिस करते दिखाई दिए। यहीं, सीरीज का दूसरा टेस्ट भी खेला जाना है। संजय बांगड़ जब टीम इंडिया को बैटिंग कोच थे तब कोहली ने टेस्ट में नंबर वन की रैंकिंग हासिल की थी। अब एक बार फिर वह फॉर्म में वापसी के लिए बांगड़ की मदद ले रहे हैं। बांगड़ फिलहाल इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के हेड कोच भी हैं। ऐसे में संजय भी चाहेंगे कि कोहली जल्द से जल्द फॉर्म में वापसी करें, यह फ्रेंचाइजी के लिहाज से भी बेहतर होगा। विराट ने आरसीबी 2021 के बाद बैंगलोर की कप्तानी भी छोड़ दी है। फिलहाल कोहली की गैरमौजूदगी में कानपुर टेस्ट में अजिंक्य रहाणे कप्तानी कर रहे हैं।

# मुश्किल में थी इंडिया, पहला मैच खेल रहे श्रेयस ने मुश्किलों से उबारा

**क्रिकेट**

## आखिरी सत्र में श्रेयस अय्यर और रविंद्र जडेजा का जलवा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कानपुर। भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने तक 84 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 258 रन बना लिए हैं। ग्रीन पार्क स्टेडियम के स्पिनर्स के अनुकूल विकेट पर काइल जैमीसन का जलवा रहा। उन्होंने 3 विकेट झटकते हुए भारत को मुश्किल में डाल दिया था, लेकिन डेब्यू स्टार श्रेयस अय्यर और रविंद्र जडेजा ने आखिरी सत्र में बेजोड़ बैटिंग करते हुए भारत को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। इन दोनों ही बल्लेबाजों ने हाफ सेंचुरी जड़ी, जबकि इससे पहले शुभमन गिल ने 52 रनों की पारी खेली थी।

श्रेयस अय्यर 136 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्के की मदद से 75 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि रविंद्र जडेजा 100 गेंदों में 6 चौके की मदद से 50 रन बनाकर नाबाद हैं।



दोनों बल्लेबाजों के बीच अब तक 5वें विकेट के लिए 208 गेंदों में 113 रनों की साझेदारी हो चुकी है। यह दोनों दूसरे दिन जब पारी की शुरुआत करेंगे तो कोशिश होगी कि इस साझेदारी को और मजबूती से आगे तक ले जाएं। अय्यर के पास डेब्यू मैच में शतक जड़ने का मौका है। इससे पहले लंबे कद के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ने फिर से भारतीय बल्लेबाजों को परेशानी में डाला। उन्होंने पहले सत्र में प्रभावशाली बल्लेबाजी करने वाले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (93 गेंदों पर 52 रन) को लंच के बाद पहले ओवर में आउट करने के बाद अच्छी लय में दिख रहे कप्तान रहाणे (63 गेंदों पर 35 रन) को पवेलियन भेजा। अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी (30 रन देकर एक) ने इस बीच चेतेश्वर पुजारा (88 गेंदों पर 26 रन) की एकाग्रता भंग की।

भारत ने मयंक अग्रवाल (28 गेंदों पर 13) का विकेट पहले सत्र में गंवा दिया था।

पुजारा के पास शतक का लंबा इंतजार समाप्त करने का यह बेहतरीन मौका था। उन्होंने जैमीसन और पटेल पर चौका लगाकर अभी हाथ खोलने का प्रयास किया था कि साउदी की पांचवें स्टंप की लाइन पर की गयी गेंद उनके बल्ले को चूमती हुई विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के दस्तानों में समा गयी। पुजारा ने अपना आखिरी टेस्ट शतक जनवरी 2019 में लगाया था। यही आलम रहाणे का रहा जिनके करियर के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैच अहम साबित हो सकते हैं।

# सुधर जाओ शुभमन, एक ही तरीके से हो रहे आउट, जगजाहिर हुई कमजोरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कानपुर। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाले शुभमन गिल ने जब न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शुरुआत की तो बेहतरीन रंग में नजर आए। शुरू की हिचकिचाहट के बाद अपना नेचुरल खेल दिखाया। करियर का चौथा अर्धशतक जमाया। अपने पहले शतक की ओर बढ़ ही रहे थे कि जैमीसन की एक खूबसूरत गेंद ने उनका स्टंप उखाड़ फेंका। चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल पाने वाले गिल ने 52 रन बनाए। आउट होने से पहले मैदान के चारों ओर आकर्षक शॉट लगा रहे थे। स्पिनर्स के मुफीद मानी जा रही ग्रीन पार्क की पिच पर फिरकी बोलर्स को बैकफुट पर ही रखा। पांच चौके और एक छक्का लगाया, लेकिन एक बार फिर उनकी वही पुरानी कमजोरी सामने आ गई, जिसे लगभग टीम समझ चुकी है। 14 बार आउट होने के दौरान शुभमन गिल छह बार स्टंप या बोल्ड हुए हैं। जो यह बताता है कि उनका डिफेंस इतना मजबूत नहीं जितना किसी ओपनर का होना चाहिए।

**टीम इंडिया के लिए काल रहे काइल जैमीसन**

**गिल की तकनीक में ही दिक्कत**

लंच के बाद पहले ही ओवर में जैमीसन की गेंदें हरकत करने लगी थी। शुरुआती पांच बॉल में गिल को परेशान करने के बाद आखिरकार छठी पर उन्हें विकेट मिल ही गया। 6 फीट 8 इंच लंबे जैमीसन ने ऑफ स्टंप के बाहर गुड लैंथ पर एक फुल बॉल फेंकी, जिसे डिफेंड करने के लिए शुभमन सही पोजिशन पर नहीं थे। गेंद खेलते वक्त वह एड़ियों के बल खड़े थे। नतीजतन पैड और बैट के बीच लंबा गैप बन गया, बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए गेंद वहां से स्टंप्स से जा टकराई।

पहले टेस्ट के पहले दिन अगर किसी कीवी बोलर ने प्रभावित किया तो वह काइल जैमीसन ही थे। इंडिया के टॉप ऑर्डर को उन्होंने ही पवेलियन की राह दिखाई। दोनों ओपनर मयंक अग्रवाल–शुभमन गिल और चौथे नंबर पर आए कप्तान अजिंक्य रहाणे को चलता किया। तीन में से दो खिलाड़ी तो क्लीन बोल्ड हुए। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के बाद से काइल जैमीसन भारत के लिए बड़े खतरे के रूप में उभरे हैं।

## टेस्ट क्रिकेट में चेतेश्वर पुजारा ने पूरे किए 6000 रन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर टेस्ट मैच की पहली पारी में भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा की बल्लेबाजी ज्यादा अच्छी नहीं रही और वो 88 गेंदों का सामने करते हुए 2 चौकों की मदद से 26 रन ही बना सके। पुजारा ने अपनी इस पारी के दम पर टेस्ट क्रिकेट में अपने 6000 रनों का आंकड़ा भी छू लिया और भारत की तरफ से दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए द्रविड़ के बाद इस आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज भी बने। न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली अपनी 26 रन की पारी के दम पर पुजारा टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए 6000 रन का आंकड़ा छूने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने टेस्ट में इस नंबर पर अब तक बल्लेबाजी करते हुए भारत की तरफ से 137 पारियों में कुल 6003 रन बनाए हैं। टेस्ट में नंबर तीन पर भारत के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए राहुल द्रविड़ के नाम पर सबसे ज्यादा रन दर्ज है। राहुल द्रविड़ ने भारत के लिए तीसरे नंबर पर खेलते हुए अपने पूरे क्रिकेट करियर में 219 पारियों में 10,524 रन बनाए थे।

## न्यूज डायरी :



### रचिन रवींद्र जिनका नाम राहुल द्रविड़ और सचिन तेंडुलकर के नाम पर रखा गया है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय मूल के खिलाड़ियों का न्यूजीलैंड के लिए खेलना कोई असामान्य बात नहीं है। ईश सोढ़ी, जीतन पटेल, जीत रावल आदि ने कीवी टीम का प्रतिनिधित्व किया है। इस लिस्ट में एक और नाम रचिन रवींद्र का भी जुड़ गया है। इस युवा क्रिकेटर ने भारत के खिलाफ अपने टेस्ट करियर का आगाज कानपुर में किया है। उन्हें जयपुर टी–20 के लिए भी न्यूजीलैंड टीम में शामिल किया गया था। जयपुर में हालांकि रचिन को पिच पर ज्यादा समय बिताने का मौका नहीं मिला था और मोहम्मद सिराज ने बोल्ड कर दिया था। उन्होंने 8 गेंदों में सिर्फ 7 रन बनाए थे। रोचक बात यह है कि इस कीवी खिलाड़ी का नाम दो महान भारतीय खिलाड़ियों, राहुल द्रविड़ और सचिन तेंडुलकर, के नाम पर रखा गया है। मौजूदा भारतीय क्रिकेटर राहुल द्रविड़ के नाम से 'Ra' और सचिन के नाम से 'Chin' लेकर 'Rachin' रखा गया। रचिन का जन्म वेलिंगटन में भारतीय माता–पिता रवि कृष्णमूर्ति और दीपा कृष्णमूर्ति के घर हुआ था जो एक सॉफ्टवेयर सिस्टम आर्किटेक्ट हैं।

### श्रीलंका की धमाकेदार जीत से टेस्ट चैंपियनशिप टेबल में हुआ बड़ा बदलाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइसीसी टेस्ट चौंपियनशिप के दूसरे एडिशन की शुरुआत हो चुकी है। भारतीय टीम ने पहले सीजन में फाइनल में न्यूजीलैंड के साथ जगह बनाई थी। अब इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एडिशन की शुरुआत करने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ ही खेल रही है। श्रीलंका की टीम ने गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ गाल टेस्ट में धमाकेदार जीत हासिल कर अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया। गाल टेस्ट के आखिरी दिन श्रीलंका ने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी को 160 रन पर समेट कर 187 रन की बड़ी जीत हासिल की। मजेबान श्रीलंका ने पहली पारी में 386 रन बनाए थे जबकि दूसरी पारी में 4 विकेट पर 191 रन बनाकर पारी घोषित की थी। वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 230 रन बना पाई थी जबकि 348 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 160 रन पर ढेर हो गई। श्रीलंका को मिली जीत के साथ अंक तालिका में बदलाव हुआ है। एक मात्र जीत दर्ज करने के साथ ही 100 प्रतिशत जीत के लिहाज से श्रीलंका पहले स्थान पर पहुंच गई।

### आईपीएल 2022 में इस नई टीम की कप्तानी कर सकते हैं केएल राहुल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल के नए सीजन से पहले कई बदलाव देखने को मिलेंगे, क्योंकि मेगा आक्शन से पहले टीमों के पास कुछ ही खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति होगी। इसके अलावा कुछ खिलाड़ी अन्य टीमों के साथ भी जुड़ सकते हैं। इस बीच एक बड़ी केएल राहुल से जुड़ी सामने आ रही है, जिसमें कहा जा रहा है कि लोकेश राहुल आइपीएल की नई टीम की कप्तानी करते नजर आ सकते हैं। आइपीएल 2022 के सत्र में आठ नहीं, बल्कि दस टीमें नजर आएंगी। लखनऊ और अहमदाबाद को आइपीएल की नई टीमों की मेजबानी मिली है और इन्हीं दो शहरों की टीमें आइपीएल के 15वें सीजन में खेलेंगी। इन्हीं में से एक टीम की कप्तानी केएल राहुल कर सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, केएल राहुल को लखनऊ की टीम की कप्तानी करने का मौका मिल सकता है, क्योंकि वे पंजाब किंग्स के साथ अपनी साझेदारी को खत्म करने जा रहे हैं।

### एशेज सीरीज से पहले आस्ट्रेलिया का ये दिग्गज होगा इंग्लैंड के साथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेली जाने वाली प्रतिष्ठित सीरीज एशेज की शुरुआत होने जा रही है। इस रोचक सीरीज का इंतजार हर किसी को रहता है। पिछली सीरीज में टिम पेन की कप्तानी में आस्ट्रेलिया ने सीरीज को 2–2 से बराबर किया था। 8 दिसंबर 2021 से 18 जनवरी 2022 के बीच यह सीरीज खेली जाएगी। आस्ट्रेलिया के ट्राय कूले अगले महीने शुरू होने वाली एशेज सीरीज से पहले इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों के साथ सलाहकार के तौर पर काम करेंगे। उनके अनुभव का टीम को काफी फायदा मिलेगा।